सुविधाएं उतनी ही रहेंगी।

▪ साल में दो बार रिव्यू की प्रक्रिया होगी।

पत्रिका 5/3/2020

डीएवीवी के आईईटी डिपार्टमेंट में ललित कुमार ने किया संबोधित

हफ्ते में दो घंटे का समय सामाजिक कार्यों के लिए दें तो खूबसूरत बनेगा समाज

पत्रिका [illegible] रिपोर्टर

इंदौर ◆ मैंने हमेशा विदेशों में एक बात देखी की वेस्टर्न सिविलाइजेशन में 5 दिन लोग जमकर काम करते हैं और दो दिन वो काम करते हैं जो उन्हें पसंद है। वहां वॉलेंटियरी कल्चर है, वहां लोग वो काम करते है जिससे वो समाज में कुछ योगदान दे सके, यह चीज हमारे देश में मिसिंग है। हमारे यहां यह धार्मिक क्षेत्र में ज्यादा है और समाजोपयोगी क्षेत्र में नहीं करते हैं और यह बदलने का वक्त आ गया है। एक वीक में 40 घंटे काम कर रहे हैं तो हफ्ते में दो घंटे सोसायटी के लिए काम करें। इससे समाज खूबसूरत बनेगा। यह बात डीएवीवी के आइटी डिपार्टमेंट में कविता कोश और गद्य कोश के फाउंडर ललित कुमार ने कही।

उन्होंने कहा, आप में से कुछ विद्यार्थियों का सपना होगा कि विदेश में किसी बड़ी कंपनी में जाकर दौलत कमाएंगे। जब आप वहां जाएंगे तो पाएंगे कि यह सोसायटी कितनी अच्छी है। यह बहुत शर्म की बात होगी कि हम अपने देश को इतना सुंदर और अच्छा नहीं बना पा रहे हैं। मैं जब एडिनबरा पहुंचा तो मुझे लगा कि यह परियों की जगह है। बेहतरीन आर्किटेक्चर और बेहद स्वच्छ शहर है। यहां सबकुछ बिल्कुल सही है कहीं कोई समस्या नहीं है। वहां नियमों को फॉलो करने के लिए कोई प्रेशर नहीं होता है। लोग स्वेच्छा से नियम का अनुसरण करते है। हमे यह सीखना चाहिए ताकि हम विदेशों में जाकर भारत के बारे में गर्व से बता सकें।